**Need to set up a Mega Food Park in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh- Laid**

श्री रोडमल नागर **(राजगढ़) :** मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ (मध्यप्रदेश) ने कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के लिये आदर्श क्षेत्र के रूप में स्थान बनाया है । केंद्र सरकार व मध्यप्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 05 लाख हेक्टेयर से अधिक नवीन भूमि सिंचित की जा रही है, क्षेत्र की सड़क, बिजली, पानी, रेल सुविधाओ में अभूतपूर्व वृद्धि से राजगढ़ आकांक्षी से आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर है । क्षेत्र के अनाज, दलहन व तिलहन के अतिरिक्त धनिया, संतरा, आंवला, मक्का, सीताफल आदि उत्कृष्ट कृषि उत्पाद 50 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 15 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचा है । जिससे क्षेत्रं के अन्नदाता किसानों राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर बेहतर मूल्य उपलब्ध कराये जाने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों को सृजन करने के लिये राजगढ़ में मेगाफूड पार्क का निर्माण किया जाना आवश्यक है । कृषि उपज के उचित संरक्षण, संवर्धन, साफ-सफाई, पैकेजिंग व वितरण आदि खाद्य प्रसंस्करण प्रोद्यौगिकी सुविधा व बुनियादी ढांचे के विकास से स्थानीय व्यापार व निवेश के लिये वातावरण बनने से आर्थिक गतिविधियों को सीधे बढ़ावा मिलेगा । कृषि आधारित उद्योगों के लिये आदर्श इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर का मजबूत आधार स्तंभ बनेगा । अतः जनहित में राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र मेगा फूडपार्क की स्थापना की स्वीकृति देकर अनुग्रहित करें ।